हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 23 .5 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

11 आईजीयू में 'नवोन्मेष 2025' विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन ...
12 गांव मसानी में प्रशासन का रात्रि प्रवास, मसानी बैराज का निरीक्षण कर दूषित पानी के स्थाई समाधान के निर्देश





DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
सुनहरा अवसर
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
आप सभी के लिए
100 गज का प्लाट मात्र
1 लाख में* लक्की ड्रा के तहत
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### कंपनी के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**बावल।** आईएमटी के सेक्टर-5 में चोर एक कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। बिहार के गांव सारी टोले चकमुराद निवासी विकास कुमार ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है। जलालपुर गांव में वह किराए के मकान में रह रहा है। वह बाइक लेकर घर से कंपनी आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। बाद में वह कंपनी से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### मकान से हजारों रुपये के गहने चोरी

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 में एक मकान से हजारों रुपये के गहने चोरी हो गए। पुलिस शिकायत में जितेंद्र यादव ने बताया कि उसके मकान से सोने के कंगन, दो अंगूठी, कान की झुमकी व तगड़ी आदि आभूषण चोरी हो गए। उसके घर पर अर्चना नाम की महिला एक साल से सफाई का कार्य कर रही है। उसने संदेह जाहिर किया है कि अर्चना ने ही घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद पूछताछ के लिए अर्चना की तलाश शुरू कर दी।

### सड़क हादसों के आरोपी तीन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी तीन गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने 21 फरवरी को हुए सड़क हादसे के आरोपी कालाका निवासी हरकेश को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। कसोला पुलिस ने 8 फरवरी को दर्ज किए गए मामले में गाड़ी चालक संगवाड़ी निवासी संजू सिंह को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में धारूहेड़ा पुलिस ने पंजाब के खुराली निवासी अमरीक को गिरफ्तार किया है।

### श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 2 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। कैंप में मरीजों को निशुल्क ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने शिविर में डॉ. एचआर यादव मेडिसिन, डॉ. प्रशांत यादव हड्डीरोग, डॉ अभिनव राव सर्जरी, डॉ. सुमन यादव स्त्रीरोग, डॉ. अजीत यादव बालरोग, डॉ. विदुला यादव नेत्ररोग व डॉ. अनिल यादव दंत रोग के मरीजों की जांच करेंगे। इसके अलावा पूर्ण सिंह यादव फिजियोथरेपी की फ्री सेवाएं देंगे।

### बावल में प्रीतम सिंह ढिल्लो ने अपने विरोधी को दी शिकस्त

# 'विश्वा' साबित हुए वकीलों के सच्चे मित्र बार चुनाव में दोबारा जताया भरोसा

### कोसली में विनय कुमार व जयकिशन के बीच बराबरी पर रहा मुकाबला, दोनों अधिवक्ता 6-6 महीने रहे बार प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल/कोसली

रेवाड़ी, बावल व कोसली में शुक्रवार को बार एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न हो गए। रेवाड़ी में प्रधान पद पर विश्वामित्र यादव ने कब्जा जमा लिया। कोसली बार चुनाव में मुकाबला रोचक रहा। प्रधान पद के दो उम्मीदवार विनय कुमार व जयकिशन को बराबर वोट मिले, जिससे दोनों उम्मीदवारों की सहमति से छह-छह महीने प्रधान पद पर रहने का निर्णय लिया गया। बावल में प्रीतम सिंह ढिल्लों ने प्रधान पद पर कब्जा कर लिया। रेवाड़ी में एडवोकेट विश्वामित्र ने शमशेर सिंह को 209 व बावल में प्रीतम सिंह ढिल्लों ने स्वंबर जाट को 43 वोटों से शिकस्त दी। रेवाड़ी में उपप्रधान पद पर सुमन यादव, सचिव पर मनोज कुमार, सह सचिव पर मोनू कुमार व कोषाध्यक्ष पद पर चिराग शर्मा ने जीत दर्ज की। बावल में उप प्रधान पद पर नितेश व सह सचिव पर लव भारद्वाज काबिज हुए, जबकि सचिव पद पर सुनील कुमार व कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह पहले ही निर्विरोध चुने जा चुक थे। कोसली बार में उप प्रधान पद पर मनोज कुमार ने कब्जा जमाया, जबकि सचिव पद पर अभिषेक यादव, सहसचिव पद पर मंदीप सिंह मानवेंद्र तथा कोषाध्यक्ष पद पर रवि कुमार निर्विरोध चुने गए। जीत के बाद विजेता अधिवक्ताओं ने समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़ों के साथ विजयी जुलुस निकाला। सुबह 8 से 4 बजे तक मतदान हुआ, जिसमें रेवाड़ी में ईवीएम तथा बावल व कोसली में बेलट पेपर से चुनाव कराए गए। रेवाड़ी बार चुनाव चुनाव में 1876 में से 1648, कोसली में 156 में से 147 व बावल में 372 में से 354 वकीलों ने मतदान किया। रेवाड़ी बार में चुनाव अधिकारी एडवोकेट अश्वनी तिवारी, सतीश डागर, चौधरी चरण सिंह, चंदन सिंह यादव, शमशेर सिंह यादव व नरेश कुमार यादव ने तीन बूथों पर ईवीएम मशीनों से 5 पदों के चुनाव सम्पन्न कराए। जबकि बावल बार एसोसिएशन में चुनाव अधिकारी राहुल जोशी तथा कोसली बार एसोसिएशन में चुनाव अधिकारी विक्रम सिंह लांबा व हरपाल सिंह ढिल्लों की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुए।





रेवाड़ी। रेवाड़ी बार के नए प्रधान विश्वामित्र समर्थकों के साथ, बावल बार के नए प्रधान प्रीतम सिंह समर्थकों के साथ। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार प्रधान विश्वामित्र यादव। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार उप प्रधान सुमन यादव। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार सह सचिव मोनू कुमार। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार कोषाध्यक्ष चिराग शर्मा। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार सचिव मनोज कुमार। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। कोसली बार प्रधान जयकिशन।



रेवाड़ी। कोसली बार प्रधान विनय कुमार।



रेवाड़ी। बावल बार प्रधान प्रीतम सिंह।

#### कोसली बराबरी पर रहा मुकाबला

कोसली बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम रोचक रहे। प्रधान पद के दो उम्मीदवार विनय कुमार व जयकिशन 55-55 वोट लेकर बराबरी पर रहे। चुनाव अधिकारी हरपाल सिंह ढिल्लों व विक्रम लांबा ने बताया कि दोनों उम्मीदवारों की सहमति से 6-6 महीने प्रधान पद पर रहने का निर्णय हुआ है। प्रधान पद के लिए पांच उम्मीदवारों में मुकाबला था। उपप्रधान पद पर अधिवक्ता मनोज कुमार ने सत्यप्रकाश पर 46 मतोंसे जीत हासिल की। एक मत रद घोषित किया गया, जबकि सचिव पद के लिए अभिषेक यादव, सहसचिव पद के लिए मंदीप सिंह मानवेंद्र व कोषाध्यक्ष पद के लिए रवि कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

#### रेवाड़ी बार चुनावः कुल मतदाता 1876 डाले गए वोट-1648

**प्रधान**
विश्वामित्र यादव-919
शमशेर सिंह यादव-710
गजराज सिंह-11
सुजान सिंह-8
जीत का अंतर-209

**उपप्रधान**
सुमन यादव-723
विजय सिंह यादव-682
सत्यपाल-242
जीत का अंतर-41

**सचिव**
मनोज कुमार-751
रमेश कुमार-457
सुखराम-440
जीत का अंतर-294

सह सचिव
मोनू कुमार-984
सपना कुमारी-664
जीत का अंतर-320

**कोषाध्यक्ष**
चिराग शर्मा-956
रोहित यादव-692
जीत का अंतर-264

बावल बार कुल मतदाता-372
डाले गए वोट-354

**प्रधान**
प्रीतम सिंह ढिल्लों-198
स्वंबर जाट-155
जीत का अंतर-43

**उपप्रधान**
नितेश कुमार-205
सरिता-147
जीत का अंतर-58

सह सचिव
लव भारद्वाज-238
जयपाल-113
जीत का अंतर-125

**सचिव**
सुनील कुमार निर्विरोध निर्वाचित।

कोषाध्यक्ष
गोविंद सिंह निर्विरोध निर्वाचित।

कोसली बार कुल मतदाता-156
डाले गए वोट-147

**प्रधान**
विनय कुमार-55
जयकिशन ढिल्लों-55
भजन लाल-14
जयभगवान-15
युद्धवीर सिंह-8
जीत का अंतर-बराबर

**उपप्रधान**
मनोज कुमार-96
सत्यप्रकाश-50
जीत का अंतर-46

**सचिव**
एडवोकेट अभिषेक यादव निर्विरोध निर्वाचित।

सह सचिव
मंदीप सिंह मानवेंद्र निर्विरोध निर्वाचित।

**कोषाध्यक्ष**
रवि कुमार निर्विरोध निर्वाचित।



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार चुनाव में वोट डालने पहुंचे वकील। फोटो :हरिभूमि

### साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया। ढाणी शोभा निवासी प्रवीण ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह अपने घर पर काम कर रहा था। 24 जनवरी को सस्ते बिट क्वाइन खरीदने के झांसे में आकर उसने साइबर ठगों के बताए गए खाता नंबर पर 95338 रुपये भेजे थे। इसके बाद उसने खाता धारक के पास फोन किया, तो उसने अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया। तब तक उसे साइबर ठगी का पता चल चुका था। उसने बैंक खाते की डिटेल के साथ साइबर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। राजस्थान से गिरफ्तार किया आरोपी साइबर थाना पुलिस ने मामले की जांच के बाद राजस्थान के अलवर के भजीट निवासी विशाल वर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान विशाल वर्मा ने बताया कि वह साइबर ठगों को अपना बैंक खाता कमिशन बेस पर उपलब्ध कराता था। पुलिस ने उसे जेल भेजने के साथ ही मामले से जुड़े अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## मालिक चिल्लाता रह गया, चोर बाइक लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

भटसाना में एक युवक घर के बाहर खड़ी बाइक दिन दहाड़े चोरी कर ले गया। बाइक का मालिक आंखों के सामने बाइक चोरी होने के बाद चिल्लाता रहा, परंतु आरोप फरार होने में कामयाब हो गया। उसके साथ आए एक स्कूटी सवार ने किसी अन्य के मोबाइल से कॉल की थी, जिसके आधार पर पुलिस बाइक चोर का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

पुलिस शिकायत में भटसाना निवासी समयसिंह ने बताया कि वह बाइक लेकर अपने घर आया था। उसने बाइक घर के बाहर खड़ी करके चाबी उसी में छोड़ दी थी। वह कुछ देर के लिए घर के अंदर गया था। जब वह बाहर आया तो एक युवक उसकी बाइक स्टार्ट करके ले जाने लगा। उसने युवक का पीछा करते हुए शोर मचाया, परंतु वह पकड़ में नहीं आ सका। बाद में पता चला कि बाइक चोरी करने के वाले युवक के साथ एक स्कूटी सवार भी था। दोनों बाद में जड़थल की ओर भाग गए।

#### स्कूटी चालक ने किया था फोन

वहां मौजूद भीड़ में नवीन ने बताया कि स्कूटी सवार ने उसे बताया कि उसका साथ पेट्रोल लेने के लिए गया है। उसका फोन बंद हो गया है। उसके फोन से स्कूटी सवार ने किसी को फोन किया था। बाद में जिस नंबर पर फोन किया गया था, उसी पर फोन लगाया तो एक बार घंटी जाने के बाद फोन बंद हो गया। पुलिस ने समयसिंह की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

**मौसम** ठंड का असर एक बार फिर से बढ़ा, लोगों ने संभाले गर्म कपड़े, रात के तापमान में गिरावट

## मौसम में बदलाव से दोपहर तक बूंदाबांदी, देर शाम कई इलाकों में हल्की व भारी ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फरवरी माह के अंत में मौसम में बदलाव के साथ हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम के तेवर ठंडे पड़ गए। आसमान में बादल छाने के बाद दोपहर तक मौसम ठंडा बना रहा, जिस कारण लोगों को एक बार फिर से गर्म कपड़े संभालने पड़े हैं। रात के तापमान में कमी आई है, जिस कारण सुबह की ठंड कुछ दिन तक उपस्थिति बरकरार रख सकती है। शनिवार को भी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। तेज हवाओं के साथ कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। दोपहर तक मौसम ठंडा बना रहा। इसके बाद आसमान साफ होते ही तेज धूप निकल आई। शाम के समय मौसम में फिर से बदलाव आना शुरू हो गया। अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम होकर 16 डिग्री पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी तक बना रहा, जबकि हवा की गति 12 किमी प्रति घंटा रही। दो दिन पूर्व तक मौसम का मिजाज गर्म होने के कारण लोगों ने गर्म कपड़ों का इस्तेमाल कम कर दिया था। मौसम ठंडा होने के कारण एक बार फिर से गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग आधा दर्जन विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में बदलाव आ रहा है। विक्षोभ की सक्रियता के चलते मार्च माह के पहले दिन भी तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात होने की संभावना है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी आशंका जताई जा रही है। इसके बाद कुछ दिनों तक मौसम साफ बना रह सकता है।



रेवाड़ी। एक खेत में कटाई के लिए तैयार हो रही सरसों की फसल। फोटो :हरिभूमि

#### ओलावृष्टि नहीं हुई तो अच्छी पकेगी फसल

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार मौसम सरसों और गेहूं की फसलों के लिए अनुकूल बन गया है। सरसों की पछेती फसल पकाव पर आ गई है। अगले सप्ताह तक अगेती सरसों की कटाई शुरू हो सकती है। अभी तक मौसम गर्म रहने से गेहूं की फसल पर दीमक का खतरा मंडरा रहा था। तापमान में गिरावट व बूंदाबांदी के बाद गेहूं की फसल में अच्छा पकाव होने की संभावना बन गई है। अगर ओलावृष्टि नुकसान नहीं पहुंचाती है, तो इससे दोनों फसलों की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है।



रेवाड़ी। मकान की दीवार के पास पड़े ओले।

#### ओलावृष्टि से सरसों व गेहूं की फसल बिछ गई

**रेवाड़ी।** जिले में देर शाम अचानक मौसम बदल गया। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में तेज बरसात के साथ हल्की व भारी ओलावृष्टि हुई। ढाणी शोभा सहित आसपास के गांवों में भारी ओलावृष्टि से सरसों व गेहूं की फसल बिछ गई। कई गांवों में भारी ओलावृष्टि होने से सड़क के किनारे सफेद चादर बिछ गई। समाचार लिखे जाने तक यह अनुमान लगाया जाना मुश्किल था कि किस इलाकें में कितनी ओलावृष्टि हुई है। शहर में भी तेज बरसात के साथ रूक-रूक कर ओलावृष्टि जारी रही।

घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।





मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   ▸ कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   ▸ कोर्स नाम: एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   ▸ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   ▸ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   ▸ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   ▸ कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   ▸ कोर्स नाम: एम् टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   ▸ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   ▸ कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   ▸ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री :** पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री :** यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम् टेक या एम् इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी) :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान :** पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता :** पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर :** सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी :** जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा:** मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो :** जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो :** लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्र में लगने वाला पशु मेला स्थगित

**नाहड़।** कुरुक्षेत्र में 9 से 11 मार्च तक आयोजित होने वाला तीन दिवसीय राज्यस्तरीय पशु मेला स्थगित हो गया है। डॉ राजबीर सिंह



एसडीओ पशुपालन एवं डेयरी विभाग कोसली ने बताया कि डायरेक्टर जनरल एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग हरियाणा पंचकूला के अनुसार मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के चलते तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पशु मेला को आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है। मेले की तारीख निश्चित होने पर पशुपालकों को सूचना दी जाएगी। वेटरनरी सर्जन डॉ जसबीर सिंह ने बताया कि पशुपालकों को इस बारे में बताया जा रहा है।

### चेतना ने पॉवर लिफ्टिंग में जीते चार गोल्ड मेडल

**रेवाड़ी।** जिला के गांव नांगल शहबाजपुर की चेतना रुस्तगी ने गुजरात के सूरत शहर में आयोजित ओपन एशिया पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक जीत कर अपने परिवार, जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 40 वर्षीय दो पुत्रियों की मां चेतना ने ये पदक 75 किलो ग्राम वजन वर्ग में जीते हैं। चेतना ने अपनी स्नातक की पढ़ाई बावल के राजकीय महाविद्यालय से पूरी की। जिम ट्रेनर अनंत चौधरी ने चेतना को पॉवर लिफ्टिंग में हाथ आजमाने की सलाह दी। चेतना ने बैगलुरू निवासी मोहम्मद अजमत से ट्रेनिंग ली व कई प्रतियोगिता में भाग लिया। पति मानव व सास रंजना रुस्तगी ने चेतना को बढ़ावा दिया। चेतना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने ससुराल पक्ष के साथ साथ अपनी माता कांता व भाई हितेष रूस्तगी को दिया है।

### किसान भवन में आज सजेगा श्री श्याम दरबार

**रेवाड़ी।** श्री श्याम श्रृंगार सेवा गुरप की ओर से एक मार्च को नई अनाजमंडी स्थित किसान भवन में फाल्गुन महोत्सव व विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण को लेकर अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर सहित शहर के मार्गो व चौराहों को लाइटों व बाबा की ध्वजाओं से सजाया गया है। जागरण में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, कोलकाता से संजू शर्मा, सोनभ्रदा से संजीव शर्मा व गोकलगढ़ से संजय शर्मा मनमोहक भजनों से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

# हाईकमान की फटकार से बैकफुट पर राजा, सोशल मीडिया पर तोड़ी चुप्पी

## मानेसर में भाजपा प्रत्याशी सुंदरलाल को जिताने की अपील, पार्टी प्रत्याशी के विरोध की बात को सिरे से नकारा

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी



मनोहर लाल



राव नरबीर सिंह

निकाय चुनावों में गुरूग्राम के मानेसर नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुंदरलाल के अंदरखाने विरोध की चर्चाओं के बीच केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को ऐन मौके पर चुप्पी तोड़नी पड़ी है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा हाईकमान के कड़े रुख को देखते हुए राव को सोशल मीडिया पर न सिर्फ सफाई देनी पड़ी है, बल्कि मानेसर में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील भी की है।

मानेसर में सुंदरलाल को भाजपा ने पूर्व सीएम मनोहरलाल की सिफारिश पर टिकट देकर मैदान में उतारा गया है। सुंदरलाल के चुनाव प्रचार को लेकर जहां भाजपा के दूसरे नेताओं ने प्रचार मैदान में जहां पूरा जोर लगाया, वहीं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने प्रचार से दूरी बनाए रखी। ऐसा माना जा रहा है कि पसंदीदा उम्मीदवार नहीं होने के कारण राव सुंदरलाल के प्रचार को लेकर शुरू से ही दूरी बनाए हुए थे। इसका फायदा भाजपा प्रत्याशी के विरोध में खड़े एक प्रत्याशी को मिलना तय माना जा रहा था। शुरूआती दौर में इस प्रत्याशी ने खुद को राव समर्थक बताकर प्रचार करना शुरू किया था। इससे भाजपा प्रत्याशी को भारी नुकसान की आशंका बनी हुई थी। खासकर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के सुंदरलाल के पक्ष में खुलकर प्रचार मैदान में उतरने के बाद राव ने प्रचार से दूरी बनाई हुई थी। राव प्रचार के दौरान एक बार अप्रत्यक्ष रूप से केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधने में भी नहीं चूके थे। चूंकि भाजपा निकाय चुनावों में सभी सीटों पर जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा रही है, इसलिए मानेसर में राव की पार्टी प्रत्याशी से दूरी ने नुकसान की आशंका पैदा की हुई थी। राव की बेटी आरती राव खुद सुंदरलाल के पक्ष में प्रचार कर चुकी हैं, परंतु उनके पिता ने एक बार भी प्रचार में हिस्सा नहीं मिला।

### भ्रामक प्रचार पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया



राव इन्द्रजीत सिंह

राव इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार सायं सोशल साइड पर पोस्ट डाली है, जिसमें उन्होंने पार्टी प्रत्याशी का साथ नहीं देने की बात को दुष्प्रचार करार दिया है। उन्होंने पोस्ट में स्पष्ट किया है कि व्यवस्था नहीं बन पाने के कारण वह सुंदरलाल के प्रचार में शामिल नहीं हो पाए हैं, परंतु वह पूरी तरह उनके साथ हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जिताने की अपील करते हुए भ्रामक प्रचार पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया है। राव के सोशल मीडिया पर आए बयान को पार्टी हाईकमान के दबाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

## आईजीयू में 'नवोन्मेष 2025' विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# भारतीय वैज्ञानिकों का विज्ञान के क्षेत्र में योगदान से कराया अवगत

### रंगोली प्रतियोगिता में ईशान व नीतू तथा पोस्टर में छवी शर्मा ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। विजेताओं को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. जेपी यादव व अन्य तथा कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कुलपति।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में शुक्रवार को जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय युवाओं को विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए सशक्त बनाना' थीम पर 'नवोन्मेष 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार भट्ट वाइस चांसलर शूलिनी विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश व विशिष्ट अतिथि यति गुप्ता फाउंडर एवं सीईओ फैबिशियस इनोवेशन आईआईटी दिल्ली रही। कुलपति एवं कुलसचिव ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद का मुख्य उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और एकीकृत आधार पर स्थानीय क्षमताओं वसंसाधनों का उपयोग करना एवं अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों के बीच लिंकेज प्रदान करना है। नवोन्मेष 2025 के संयोजक एवं जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डा. रमेश कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए सभी को विज्ञान के महत्व को समझाया। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां एवं गतिविधियों के बारे में बताते हुए सभी को विज्ञान क्षेत्र में अपने भविष्य को बनाने के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परूथी ने अपने वक्तव्य में सभी युवाओं को नवाचार के प्रति विज्ञान को दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव ने सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को विज्ञान दिवस की बधाई देते हुए विकसित भारत में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने वेदों से लेकर अब तक भारतीय वैज्ञानिकों का विज्ञान के प्रति योगदान को बताया, जिसमें दशमलव और जीरो का आविष्कार भी शामिल है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रोफेसर विजय कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार भट्ट ने भारतीय सरकार की उन्होंने शोध कार्यों, अनुसंधात्मक अनुदानों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया।विशिष्ट अतिथि यति गुप्ता ने आधुनिक एवं वैज्ञानिक युग में विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप को स्थापित करने एवं उनकी गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया।

#### इन प्रतियोगिताओं का आयोजन

इस मौके पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रोफेसर विजय कुमार, प्रोफेसर सविता श्योराण, डा. राजेश बंसल व प्रोफेसर ममता कामरा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। रंगोली प्रतियोगिता में ईशान एवं नीतू राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी ने प्रथम, मुस्कान एवं मुस्कान अहीर कॉलेज ने द्वितीय स्थान एवं अंजनी व नियति राजकीय महाविद्यालय नारनौल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में छवी शर्मा आईजीयू प्राणी विज्ञान विभाग ने प्रथम, कीर्तन राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी ने द्वितीय एवं दिव्या आईजीयू प्राणी विज्ञान विभाग ने तृतीय स्थान स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को कुलपति एवं कुलसचिव ने सम्मानित किया। प्रोफेसर सविता श्योराण ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंच संचालन डा. जागीर नागरने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आनंद सागर शर्मा, प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह, प्रोफेसर पीके जायेवाल, प्रोफेसर वीके शर्मा, डा. सुनील कुमार, डा. सुमन नागपाल व डा. विपिन कुमार, सहित सभी शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्रीय एजुकेशन सोसायटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



रेवाड़ी। सोसायटी के प्रधान पद की शपथ लेते संजय यादव।

कोसली की ग्रामीण क्षेत्रीय एजुकेशन सोसायटी के नवनिर्वाचित प्रधान व कार्यकारिणी के सदस्यों को शुक्रवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कोसली के एसडीएम विजय कुमार ने संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता संजय कुमार यादव, उपाध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य दुलीचन्द, महासचिव कैप्टन सहीराम यादव, संयुक्त सचिव चांदसिंह, कोषाध्यक्ष पूर्व प्रवक्ता प्रहलाद सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कमांडेंट ओमप्रकाश, प्रो. सुनील कुमार, रामफल, हरिओम पूर्व सरपंच व देवेन्द्र पंच को शपथ दिलाई। अध्यक्ष संजय कुमार ने कार्यकारिणी की सहमति उपरांत संरक्षक मंडल की घोषणा की, जिसमें कमांडर राजेन्द्र सिंह, प्रो. रणवीर सिंह, डा. मेजर टीसी राव, सुभाष गर्ग व सरोज यादव को शामिल किया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जसवंत सिंह व सुरेश गौरिया, जिला पार्षद जीवन हितैषी, मनोज यादव, चीफ मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, सज्जन सिंह, प्रो. लाज कौशल, रामकिशन सरपंच कोसली, एडवोकेट राकेश लाम्बा, बाबा मुक्तेश्वरपुरी ट्रस्ट के पदाधिकारीगण, स्कूल व कॉलेज के स्टाफ सदस्य, प्रधानाचार्य धर्मसिंह व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभापति प्रो. रणबीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### खेल स्टेडियम में बिजली व पानी कनेक्शन की मांग



**नाहड़।** गांव नेहरूगढ के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में बिजली व पानी की समस्या को लेकर सरपंच आशीष प्रजापति ने कोसली विधायक अनिल यादव से मुलाकात की तथा गांव की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। सरपंच ने सड़क निर्माण व जोहड़ की टूटी हुई रिटर्निंग वाल को बनवाने सहित अन्य मांगों को रखा। विधायक ने जिला खेल आधिकारी को एक सप्ताह के अंदर खेल स्टेडियम में बिजली कनेक्शन कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। इंस्पेक्टर जयपाल सिंह को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

## इंस्पेक्टर जयपाल को सेवानिवृत्ति पर विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

शुक्रवार को रामपुरा थाना के इंस्पेक्टर जयपाल सिंह की सेवानिवृत्ति पर खोरी बस स्टैंड पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंस्पेक्टर जयपाल सिंह ने करीब साढे 35 वर्ष पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर मुख्यातिथि जिला प्रमुख मनोज यादव ने कहा कि मनुष्य की पहचान उसके पद से नहीं कर्तव्य से होती है। जयपाल सिंह की व्यवहार कुशलता और काम के प्रति ईमानदारी ने क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई। इन्होंने अपनी मधुर वाणी और कार्यशैली से न केवल विभिन्न मामलों को सुलझाया, बल्कि अपनी सूझबूझ से भाईचारे को भी कायम रखा। इस मौके पर गणमान्य लोगों उनके भावी जीवन में मंगल की कामना की। पुलिस स्टाफ सदस्यों व ग्रामीणों ने जयपाल सिंह को स्मृति चिंह भेंट किए। इस मौके पर धर्मवीर सिंह टींट, बलवंत भांडोर, दयानंद राजपुरा, राकेश, उमेद मास्टर, कैलाश चंद्र, रवि कुमार, नंबरदार मंगल सिंह, दिनेश पाली, डा. राजकुमार, गोली भांडोर, नंबरदार गजराज सिंह, मनोज कुमार व इंद्रजीत पुंसिका सहित रामपुरा थाना ईवीआर के कर्मचारी मौजूद थे।

## जनता के कार्यों का प्राथमिक स्तर पर निपटान करें अधिकारी : डीसी



**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में आने वाले लोगों के कार्यों का प्राथमिक स्तर पर ही निपटान करें। राज्य सरकार ने सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न कार्यों के लिए समय सीमा निर्धारित की है। डीसी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आमजन की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश्र दिए। शिविर में मनफूल निवासी ढाणी सांतो की वृद्धावस्था पेंशन बनाई गई। डीसी ने शिविर में आई अन्य शिकायतों के समाधान के लिए विभागाध्यक्षों की जिम्मेदारी तय की। इस दौरान एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी, सीटीएम प्रीति रावत व एसडीएम सुरेंद्र सिंह आदि अधिकारी उपस्थित थे।

**ग्राम पंचायत बेरली कलां**
**ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी हरियाणा**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेरली कलां, खण्ड जाटुसाना में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण व निपटान करना है। कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत बेरली कलां के पास दिनांक 08.03.2025 तक जमा करवा सकता है। बाद में कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।
हस्ता/- बिन्नू यादव, सरपंच,
ग्राम पंचायत बेरली कलां, खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी)

**ग्राम पंचायत मालियाकी**
**ब्लाक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मालियाकी खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 05.03.2025 तक जमा करवा सकती है। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी व पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 10.03.2025 को किया जाएगा।
हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत मालियाकी
खण्ड जाटूसाना, रेवाड़ी

**ग्राम पंचायत मोहदीनपुर**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहदीनपुर खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर गाबेज कलेक्शन एवं Sigration में निपटान का कार्य कराया जाना है। इच्छुक फर्म/लीडर दिनांक 08.03.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबन्द लिफाफे में सरपंच ग्राम पंचायत के पास जमा करवायें। प्राप्त कुटेशन का अध्ययन/अवलोकन दिनांक 09.03.2025 को पंचायत घर में किया जायेगा। इसके बाद कोई कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।
हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत मोहदिनपुर,
खण्ड जाटूसाना, रेवाड़ी

**सरपंच ग्राम पंचायत, खुशपुरा**
**ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी हरियाणा-123411**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खुशपुरा खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण व निपटान करना है। कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत खुशपुरा के पास दिनांक 08.03.2025 तक जमा करवा सकता है। बाद में कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।
हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, खुशपुरा

**ग्राम पंचायत जीवड़ा**
**ब्लाक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जीवड़ा खण्ड जाटूसाना में शमशान घाट के पास जोहड़ में 4 पेड़ों की बोली दिनांक 07.03.2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम सचिवालय जीवड़ा में होगी। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।
हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत जीवड़ा
खण्ड जाटूसाना, रेवाड़ी
मो.नं. 8278283870

**सरपंच, ग्राम पंचायत जीवड़ा**
**ब्लाक जाटूसाना जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जीवड़ा में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 07.03.2025 तक जमा करवा सकता है। बाद में कोई कुटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी।
हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत जीवड़ा,
खण्ड जाटूसाना, रेवाड़ी

**ग्राम पंचायत, जाटूसाना**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी हरियाणा**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जाटूसाना खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण व निपटान करना है। कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत बेरली कलां के पास दिनांक 08.03.2025 तक जमा करवा सकता है। बाद में कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।
हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, जाटूसाना, खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी)

**ग्राम पंचायत चौकी नं.1**
**ब्लाक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चौकी नं.1 खण्ड जाटूसाना जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 07.03.2025 तक जमा करवा सकती है। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी व पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 10.03.2025 को किया जाएगा।
हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत चौकी नं.1
खण्ड जाटूसाना, रेवाड़ी

**सरपंच ग्राम पंचायत, बिहारीपुर**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी हरियाणा**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिहारीपुर खण्ड जाटूसाना जिला रेवाड़ी हरियाणा में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निस्तारण करना है। कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत बिहारीपुर के पास दिनांक 08.03.2025 तक जमा करवा सकता है। बाद में कोई कुटेशन स्वीकार नहीं की होगा।
हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, बिहारीपुर, (रेवाड़ी)

**सरपंच ग्राम पंचायत मढ़िया खुर्द**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी हरियाणा**
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत मढ़िया खुर्द, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी द्वारा डोर-टू-डोर गारवेज कलेक्शन एवं Segregation का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म/वेंडर दिनांक 08.03.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मढ़िया खुर्द के नाम भेज सकते हैं। जिस पर डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं Segregation कार्य कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। प्राप्त कुटेशन का अध्ययन/अवलोकन दिनांक 03.03.2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत मढ़िया खुर्द में कार्यालय में कमेटी के समक्ष किया जाएगा।
हस्ता/- सरपंच,ग्राम पंचायत मढ़िया खुर्द
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी)

**ग्राम पंचायत हांसावास**
**ब्लाक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हांसावास खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 07.03.2025 तक जमा करवा सकती है। बाद में कोई कुटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी।
हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत हांसावास,
खण्ड जाटूसाना, रेवाड़ी

**ग्राम पंचायत नांगलिया रणमोख**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नांगलिया रणमोख खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करना है। कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत नांगलिया रणमोख के पास दिनांक 08.03.2025 तक जमा करवा सकता है। बाद में कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।
हस्ता/- सरपंच, ग्राम पंचायत नांगलिया रणमोख
खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी

**सरपंच ग्राम पंचायत, लाला**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लाला खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण व निपटान करना है। कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत लाला के पास दिनांक 08.03.2025 तक जमा करवा सकता है। बाद में कोई कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।
हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, लाला, जिला रेवाड़ी

## कार्यक्रम में विभागों ने हेल्प डेस्क लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

# गांव मसानी में प्रशासन का रात्रि प्रवास, मसानी बैराज का निरीक्षण कर दूषित पानी के स्थाई समाधान के निर्देश

- उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार रात्रि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ धारूहेड़ा खंड के गांव मसानी में आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम में ग्रामीणों से विकास कार्यों को लेकर चर्चा की और समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीसी ने गांव में जल्द से जल्द ई-लाइब्रेरी खोलने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीणों तक महत्वकांक्षी योजनाओं और सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे। इसी सोच के साथ रात्रि प्रवास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान गांव में विभिन्न विभागों की हेल्प डेस्क स्थापित की गई तथा ग्रामवासियों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया गया। इस अवसर पर एडीसी कार्यालय से परिवार पहचान पत्र से संबंधित, डीएफएससी की ओर से राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, आयुष्मान कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन व निरोगी हरियाणा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप, कृषि विभाग से क्रॉप इंश्योरेंस, मेरी फसल मेरा ब्यौरा रजिस्ट्रेशन, जिला परिषद से स्वयं सहायता समूह तथा नरेगा जॉब कार्ड, पशुपालन विभाग, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से शिकायत निवारण तथा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर की ओर से आधार कार्ड सर्विस डेस्क लगाकर नागरिकों को मौके पर ही सुविधाएं प्रदान की गई। रात्रि प्रवास के दौरान कार्यक्रम में ग्रामीणों की 50 से अधिक शिकायतें सुनी गई। रात्रि प्रवास के दौरान डीसी ने मसानी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, डाकघर तथा केंद्रीय सहकारी बैंक परिसर में अधिकारियों के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया। डीसी ने गांव में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद डीसी अभिषेक मीणा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हरियाणा वन विकास निगम, हर्बल पार्क नेचर कैंप तथा मसानी बैराज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता विनय प्रकाश चौहान तथा एचएसवीपी व एसटीपी अधिकारियों को मसानी बैराज के दूषित पानी की समस्या का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।


रेवाड़ी। गांव मसानी में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। मसानी बैराज का निरीक्षण करते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

इस अवसर पर एसपी डा. मयंक गुप्ता ने नशे की व्याधि व बढ़ते साइबर अपराध को लेकर ग्रामवासियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो तो वह हेल्पलाइन नंबर 1930 पर डायल कर इसकी सूचना दें। नशे से संबंधित कोई सूचना हो तो पुलिस को जानकारी दें ताकि समय पर ठोस कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, जिला परिषद सीईओ प्रदीप कुमार, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, डीआरओ प्रदीप देशवाल, सीएमओ सुरेंद्र सिंह, डीएसपी डा.रविंद्र सिंह, डिप्टी सीईओ अंकित चौहान व डीआईओ सचिन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। संतुलन बिगड़ने से पलटी कार। फोटो : हरिभूमि

# संतुलन बिगड़ने से डिवाइडर से टकराकर पलटी कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- बड़ा हादसा होने से टला

बावल रोड पर सुठाना के निकट शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार स्कार्पियो कार डिवाडर से टकराने के बाद सड़क पर पलट रही। कार सवार युवक हादसे में बाल-बाल बच गए। आसपास के लोगों ने तुरंत गाड़ी खड़ी करने के बाद उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला।

चिराहड़ा निवासी कुलदीप अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर कुछ अन्य लोगों के साथ रेवाड़ी की ओर आ रहा था। बताया जा रहा है कि अचानक गाय आगे आने के कारण उसने ब्रेक लगाए, तो संतुलन बिगड़कर गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत गाड़ी को खड़ा कर दिया, जिससे उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। इस व्यस्त मार्ग पर घटना के समय कोई दूसरा वाहन नहीं होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल के पास ब्रेकर बनाया जाए। ब्रेकर नहीं होने कारण वाहन यहां से तेजी से निकलते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# तबादला सेवाकाल की एक सतत प्रक्रिया : अशोक कुमार

- आईजी कार्यालय में लगभग तीन साल तक अधीक्षक के रूप में विक्रम यादव का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

साउथ रेंज के आईजी अशोक कुमार ने कहा कि तबादला किसी भी कर्मचारी या अधिकारी के सेवाकाल की एक सतत प्रक्रिया है। तबादले के बाद नए स्थान पर जाने के बाद भी संबंधित कर्मचारी को अपने पुराने स्थान की तरह ही तमन्यता से ड्यूटी निभानी चाहिए। आईजी अशोक कुमार शुक्रवार को अपने कार्यालय से गुरूग्राम स्थानांतरित किए गए कार्यालय अधीक्षक विक्रम यादव के सम्मान में आयोजित विदाई कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आईजी कार्यालय में लगभग तीन साल तक अधीक्षक के रूप में विक्रम यादव का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल में ऑफिस में पूरे स्टाफ के बीच समन्व्य स्थापित करते हुए अपने फर्ज को ईमानदारी से अंजाम दिया। उनका स्टाफ के बीच तालमेल काफी अच्छा रहा। तबादला प्रक्रिया सेवाकाल का हिस्सा है, जिस कारण विक्रम यादव को गुरूग्राम भेजा गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विक्रम अपने कार्यालय में इसी तरह सराहनीय कार्य करते रहेंगे।


रेवाड़ी। विक्रम यादव को स्मृति चिंह भेंट करते साउथ रेंज के आईजी अशोक कुमार। फोटो :हरिभूमि

### स्टाफ सदस्यों ने भी की सराहना

इस मौके पर आईजी स्टाफ के सदस्यों ने विदाई समारोह में बोलते हुए विक्रम यादव के कार्यकाल की जमकर सराहना की। स्टाफ के सदस्यों ने विक्रम यादव का पगड़ी व फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर आरएसओ देवेंद्र सिंह, प्रवाचक आईजी राजेश कुमार, ओमप्रकाश व स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद थे। विक्रम यादव ने कहा कि कार्यकाल के दौरान उन्हें पूरे स्टाफ का जो सहयोग मिला, उसे वह कभी नहीं भुला पाएंगे।

# युवती अपहरण मामले का पटाक्षेप, आरोपी के साथ दुल्हन बनकर लौटी, बयान में प्रेमी को क्लीनचिट

संजय कुमार ▸▸ बावल

क्षेत्र के एक गांव से 24 फरवरी को बुआ के घर से युवती को जबरन ले जाने के मामले का पटाक्षेप शुक्रवार को उस समय हो गया, जब युवती आरोपी युवक के साथ दुल्हन बनकर पुलिस थाने पहुंच गई। युवक-युवती दिल्ली में शादी रचाने बाद पुलिस के समक्ष पेश हुए, जिसके बाद पुलिस ने कोर्ट में युवती के बयान दर्ज करा दिए।

नारनौल के नांगल चौधरी के निकट एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवती बावल क्षेत्र के एक गांव में अपनी बुआ के घर आई हुई थी। युवती का बुआ के गांव के पास ही एक अन्य गांव में रिश्ता तय हो गया था। परिजन उसकी शादी की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान एक थार गाड़ी में आए पांच युवक लड़की की बुआ व उसके परिजनों के साथ मारपीट करते हुए युवती को अपने साथ ले गए थे। बाद में घटना में इस्तेमाल की गई थार गाड़ी पुलिस ने बरामद कर ली थी। यह गाड़ी राजस्थान से किराए पर ली गई थी। नांगल चौधरी के ढाणी भाटोटा निवासी विक्रम गाड़ी को किराए पर लेकर आया था। घटना के बाद युवती की बुआ के परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस थाने आकर युवती को बरामद करने और आरोपी युवकों की गिरफ्तारी की मांग उठाई थी। युवती के परिजनों ने भी बावल थाने आकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई थी। पुलिस पर युवती की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाया जा रहा था।


एसएचओ संजय कुमार

- मारपीट के जो आरोप लगाए गए हैं, वह पूरी तरह बेबुनियाद है

**युवती ने परिजनों के आरोपों को नकारा :** दिल्ली कोर्ट में विवाह रचाने के बाद दंपति शुक्रवार को पुलिस के समक्ष पेश हो गए। पुलिस ने युवती के कोर्ट में बयान दर्ज कराए। पुलिस के अनुसार युवती ने कोर्ट में बताया कि वह युवक के साथ प्रेम करती है। वह अपनी मर्जी से ही उसके साथ शादी करने के लिए गई थी। उसकी बुआ व परिजनों की ओर से अपहरण वह मारपीट के जो आरोप लगाए गए हैं, वह पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

### पहले से चल रहा था दोनों में प्रेम प्रसंग

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरंभिक जांच में ही यह बात सामने आ गई थी कि युवक व युवती के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों गांव भी पास में ही हैं। युवती का विवाह होने के बाद युवती को युवक से दूर रखने के लिए ही परिजनों ने उसे बुआ के घर छोड़ा था। इसके बाद उसका प्रेमी अपने कुछ दोस्तों के साथ थार गाड़ी में आकर उसे अपने साथ ले गया। दिल्ली में विवाह रचाने के बाद दोनों पुलिस थाने पहुंच गए।

### लड़की ने मारपीट से मना किया

युवती ने बयान दिए हैं कि वह युवक को पहले से जानती है। वह अपनी मर्जी से युवक के साथ गई थी। जब वह गाड़ी में बैठ रही थी, तो उसकी बुआ व परिजनों ने उसे रोकने का प्रयास किया था। मारपीट के आरोप बेबुनियाद हैं। लड़की के बयान के बाद पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

\- संजय कुमार, एसएचओ, बावल



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अपनी पेंटिंग दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जल संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता में चंचल ने मारी बाजी

रेवाड़ी। राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज में शुक्रवार को जल संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विज्ञान अध्यापक महेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलिक मुख्याध्यापिका कांता देवी ने की। जल जीवन मिशन व जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग से सोशियोलॉजिस्ट पूजा व कविता ने विद्यालय में जल संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया और जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों को जल संरक्षण की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जल बचाकर सभी अनेक पर्यावरण संबंधी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। पेंटिंग प्रतियोगिता में चंचल ने प्रथम, हेमलता ने द्वितीय तथा खुशबू ने तृतीय, जबकि ऋतिक व अंतिमा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। मौलिक मुख्याध्यापिका ने पूरी टीम का आभार व्यक्त किया तथा विजेता विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यापक सुरेश कुमार, पवन सिंह पीटीआई व अध्यापिका कृष्णा कुमारी सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बहाली को लेकर मुख्यमंत्री से लगातार मिल रहे आईजीयू के छंटनीग्रस्त 35 रिसोर्स पर्सन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- सभी छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सन को 57700 के वेतनमान पर पुन: बहाल किया जा सकता है

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर में हाल ही में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की 56 स्थाई नियुक्तियां होने से आईजीयू में 5 से 12 वर्षों से कार्यरत 35 रिसोर्स पर्सन को हटा दिया गया है। हुकटा का डेलिगेशन मीरपुर के छंटनी ग्रस्त रिसोर्स पर्सन के साथ लगातार एक सप्ताह से चंडीगढ़ सीएम आवास व अन्य जगहों पर मिल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिल रहा है। वर्तमान परिस्थितियों पर संज्ञान लेते हुए सीएम ने अधिकारियों को मीरपुर के छंटनी ग्रस्त सभी 35 रिसोर्स पर्सन की सेवाएं पुन बहाल कर समायोजित करने के आदेश दिए है। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष विजय मलिक व प्राची जैन ने बताया कि सीएम ने छंटनी किए गए रिसोर्स पर्सन्स को एडजस्ट करने के लिए मौके पर ही आदेश दिए हैं, लेकिन अब तक गेस्ट फैकल्टी की जॉइनिंग नहीं हो पाई है। इस कारण सभी बहुत परेशान व हताश हैं। हुकटा की इकाई आईजीयू की अध्यक्ष कर्मवती यादव ने बताया कि मीरपुर यूनिवर्सिटी में स्थाई भर्ती के बाद भी 41 स्वीकृत पद रिक्त बचे हुए हैं, जिन पर सभी छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सन को 57700 के वेतनमान पर पुनः बहाल किया जा सकता है।

विजय मलिक ने बताया कि आईजीयू मीरपुर के जैसे ही हरियाणा के बाकी सभी सरकारी विश्वविद्यालय में कार्यरत अस्थाई सहायक प्रोफेसर भी लगभग एक दशक से अपनी सेवाएं विश्वविद्यालयों को देते आए हैं एवं यूजीसी के सभी भर्ती मापदंडों को पूरा करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करने के आखिरी पड़ाव पर हैं या उनकी अप्लाई करने की उम्र जा चुकी है और वे केवल इसी नौकरी के आधार पर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ज्योति, प्रशांत बंसल, प्राची जैन व अजय कुमार सहित आईजीयू की गेस्ट फैकल्टी उपस्थित रही।


रेवाड़ी। मुख्यमंत्री से मिलते हुए छंटनी ग्रस्त गेस्ट फैकल्टी। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। डॉ. स्वरूपा मित्रा को स्मृति चिंह भेंट करती क्लब की सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# समय रहते स्वास्थ्य की जांच कराते रहे तो शुरूआती दौर में ही कैंसर का इलाज संभव

- केएलपी कॉलेज में एनएसएस इकाई व गोल्डन लॉयनेस क्लब के सहयोग से आयोजित हुआ कैंसर जागरूकता सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

केएलपी कॉलेज में एनएसएस इकाई व गोल्डन लॉयनेस क्लब के सहयोग से कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में गुरुग्राम स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल की रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की निदेशिका व वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वरूपा मित्रा ने कहा कि जागरूकता का अभाव व गलत खानपान के कारण कैंसर जैसी गंभीर बीमारी तेजी से फैल रही है। यदि समय रहते लोग अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहे तो शुरूआती दौर में ही कैंसर का इलाज संभव है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि क्लब की प्रधान ऊषा रुस्तगी थी व अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डा. कविता गुप्ता ने की। डॉ. स्वरूपा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन यानि डब्ल्यूएचओ के अनुसार 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत कैंसर से मौतें जोखिम कारकों को बदलकर या टालकर रोकी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर को रोका जा सकता है। डॉ. स्वरूपा ने कहा कि संतुलित वजन बनाए रखना, नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ आहार लेना, शराब का सेवन सीमित करना, संक्रमण से बचाव करना, तंबाकू का सेवन न करना और पर्यावरणीय कार्सिनोजेन और प्रदूषकों से बचना ही कैंसर को रोकने में मदद कर सकता है। उन्होंने महिलाओं को घर पर ही स्वयं स्तन कैंसर की जांच किए जाने संबंधी जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीनेशन भी उपलब्ध है, इसे यदि महिलाएं विवाह से पूर्व लगवा ले तो सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सकता है।

क्लब की प्रधान उषा रूस्तगी ने डॉ. स्वरूपा सहित सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डा. पारुल मित्तल ने किया। इस अवसर पर ललिता मित्तल, रत्ना गोयल, गीता त्यागी, जयमाला शर्मा, प्रेरणाडाटा, संगीता यादव, रितु शर्मा, विजयलक्ष्मी, प्रोफेसर महेंद्र सिंह सांभरिया, डा. रेखा शर्मा, डा. जया शर्मा, डा. मंजू गर्ग, साधना, जयबाला व संतोष शर्मा सहित क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

# पोस्टर मेकिंग में प्रिया व साक्षी बनी विजेता

- विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में शुक्रवार को विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। डा. यशपाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुनिता यादव, डा. प्रदीप कुमार, प्रवेश कुमारी, सोनिया यादव व पूजा ने सहयोग दिया। इस अवसर पर डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. पवन कुमार शर्मा प्रधानाचार्य सरकारी पीजी कॉलेज चरखी दादरी उपस्थित थे। विज्ञान के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया व साक्षी प्रथम, पिनकेश व दिव्या द्वितीय, तमन्ना व नीकु तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में अदिती प्रथम, सोनिका द्वितीय व कुकू तृतीय स्थान पर रही। मॉडल प्रदर्शनी में पलक व तमन्ना प्रथम, सोनिका द्वितीय तथा स्नेहा व खुशी तृतीय स्थान पर रही। ओमबीर सिंह तंवर और योगेश यादव ने कहा कि ग्रामीण छात्राओं के लिए रीजनल सेंटर उनके भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डा. अनिल कुमार यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस तरह की गतिविधियां न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, बल्कि उनके भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर डा. अंजलि यादव, डा. राकेश कुमार, ज्योति यादव, सनिता यादव, अंजू, मधु बाला, युद्धवीर, अजय व निर्मला सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।


रेवाड़ी। विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे कार्यक्रम कल

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से 2 मार्च को पंजाबी धर्मशाला में श्री श्याम बाबा की वंदना का कार्यक्रम 'मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे' का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली कार्यक्रम में मुख्यातिथि व नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की प्राचार्या नम्रता सचदेवा व समाजसेवी आदर्श राजपाल का अभिनंदन किया जाएगा।